RAF SECTOR

NEWS CLIP

19/01/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Adityapur, (JKD)

गणतंत्र दिवस को लेकर अलर्ट, रैफ का फ्लैग मार्च

आदित्यपुर : फ्लैग मार्च में शामिल रैफ के जवान व पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

- फ्लैग मार्च से जवानों ने दिया सुरक्षा का भरोसा
- पहली बार आदित्यपुर में रैफ का हुआ फ्लैग मार्च

आदित्यपुर, संवाददाता। गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को आदित्यपुर के कई इलाकों में रैफ की 106 बटालियन ने पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्ग आदित्यपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में आदित्यपुर के मुख्य मार्ग तक गया।

बता दें कि आदित्यपुर में ब्राउन शुगर के कारोबार और सांप्रदायिक तनाव वाले इलाकों में सीआईडी रिपोर्ट के मुताबिक अशांति की घटना की आशंका को देखते हुए रैफ ने शांति मार्च कर लोगों को सद्भावना बनाये रखने की अपील की। इसमें खास तौर पर स्कूल-कॉलेजों के आसपास किसी तरह का कोई हंगामा या बवाल न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए रैफ और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से मार्च निकाला। पहली बार आदित्यपुर में रैफ ने फ्लैग मार्च किया। राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संवेदनशील इलाकों में संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

Swatantra Chetna , Prayagraj, (UP)

आरएएफ बल ने मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव व मेले का किया आयोजन

प्रयागराज। शांतिपुरम स्थित 101 द्रुत कार्य बल में मकर संक्राति व लोहड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई इस के उपलक्ष में रविवार को पतंग महोत्सव व भव्य मेले का आयोजन किया गया इस अवसर पर कमांडेंट मनोज कुमार गौतम व क्षेत्रीय कावाअध्यक्ष श्रीमती प्रीति गौतम द्वारा मेले का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया उक्त अवसर पर मेले में स्थानीय बाजार से खाने–पीने के विभिन्न प्रकार के स्टाल वह बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें लगाई गई सभी कार्मिकों व उनके परिवार जनों ने पतंग महोत्सव का आनंद लिया।

इस शुभ अवसर पर कमांडेंट अपने संबोधन में मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला तथा 101 द्रुत कार्य बल के सभी कार्मिकों व उनके परिवार जनों को इस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी व आशा की यह ऋतु परिवर्तन का पर्व आप सभी के जीवन में सुख समृद्धि एवं आरोग्य लेकर आए इस अवसर पर नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार उप कमांडेंट बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट प्रदीप कुमार पाठक उप कमांडेंट मुकेश कुमार पांडे उप कमांडेंट अन्य अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारी गण सभी जवान व उनकेपरिवारजनों औरबच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पतंग महोत्सव का लुत्फ उठाया ।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।